<u>निविदा प्रपत्र</u>



**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
मानव संसाधन विभाग (कैंटीन सेवाएं)
हीप, रानीपुर, हरिद्वार - 249403
फोन सं. - +91-1334-285344, फैक्स- +91-1334-281223
e-mail: kur.praveen@bhel.in

निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

<u>विषय: कैंटीन में आलू-प्याज की आपूर्ति।</u>

<u>विशेष सूचना:</u>- **निविदा प्रपत्र दो भागों** (Technical Part and Price Bid) मे खोली जाएगी तथा निविदा प्रपत्र भरने से पूर्व इसके सभी बिन्दुओ पर ध्यान से विचार कर ले, यह अति महत्वपूर्ण है। ऐसे व्यक्ति/फर्म कृपया इस निविदा प्रपत्र को न भरें जिनका पूर्व में कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं रहा है, प्रबन्धन ऐसी निविदाओं पर विचार नही करेगी।

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य : रुपये 2000/- (यदि निविदा प्रपत्र का Hard copy निविदादाता को भेल द्वारा उपलब्ध कराया जाता है तो निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 2000/- होगा जिसका भुगतान सिर्फ पे आर्डर या डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा होगा )
2. यह निविदा प्रपत्र 10 पृष्ठों का है। भरते समय इसके प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करें एवं पूरे प्रपत्र को वापस करें।
3. निविदा प्रपत्र स्वच्छता से बिना काट-छांट/ओवर राइटिंग के भरें, सन्देहप्रद होने पर वह प्रपत्र स्वीकार नही होगा।
4. केवल वही निविदा प्रपत्र मान्य होगा जिस पर अधिकृत जारीकर्ता के हस्ताक्षर व मोहर होंगी।
5. <u>कार्य की अवधि:</u> : (एक वर्ष )

| | |
|---|---|
| कार्य का अनुमानित राशि | : 11.04 लाख रुपये |
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करनें की अंतिम तिथि व समय | : 26.5.2020 सांय 04.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र जमा करनें की अंतिम तिथि व समय | : 27.5.2020 दोपहर 1.30 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र ( भाग-1) खोले जाने की तिथि व समय | : 27.5.2020 दोपहर 2.15 बजे |

6. आर्डर लगाने के लिये निविदा में भरे गए रेट की वैधता 4 माह होगी।
7. कार्य आरम्भ होने की तिथि से रेट की वैधता एक वर्ष होगी ।

निविदा परिपत्र रूपये **2000/-** का पे आर्डर अथवा बैंक ड्राफट, जो कि <u>लेखाधिकारी (वित्त) बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के पक्ष में देय हो,</u> के माध्यम से भुगतान करने के पश्चात कार्यालय, वरि.प्रबन्धक (कैंटीन सेवाएं) से प्राप्त किये जा सकते हैं । अगर निविदादाता निविदा फार्म को बी.एच.ई.एल. की वेब साईट www.bhelhwr.co.in या www.bhel.com से डाउन लोड करके प्रयोग में लाता है, तो निविदा प्रपत्र का <u>मूल्य निविदादाता को जमा नही</u> करना होगा । बैंक ड्राफ्ट या पे आर्डर निविदा फार्म की बिक्री शुरू होने की तिथि से पहले अथवा बिक्री की समाप्ति की तिथि के बाद का जारी किया हुआ नहीं होना चाहिये ।

भविष्य में निविदा से संबन्धित किसी भी जानकारी के लिए बी.एच.ई.एल. की वेब साईट www.bhelhwr.co.in या www.bhel.com को देखें एवं संशोधन तथा शुद्धि पत्र केवल वेब साईट पर ही दिया जायेगा ।

05/05/2020

वरि.प्रबंधक (कैंटीन सेवायें)
हस्ताक्षर एवं मोहर

प्रवीण कुमार
वरि० प्रबन्धक
मा०सं०कैंटीन सेवाएँ
बी०एच०ई०एल० हीप, हरिद्वार

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

8. टैंडर स्थल का पता : कमरा नं.415, निविदा कक्ष
चतुर्थ तल , मुख्य प्रशासनिक भवन,
हीप, बीएचईएल, रानीपुर हरिद्वार
पिन कोड- 249403

9. धरोहर राशि : रू. 40000/-

## 10. PQR (Pre-Qualification Requirement)

अनुभव का विवरण :

केवल वही निविदादाता, निविदाओं में भाग ले सकते है जिनको बीएचईएल हरिद्वार अथवा किसी सरकारी/ अर्ध-सरकारी/ पीएसयू / गैर सरकारी औधोगिक संस्थान / फर्म/ दुकान मे औसतन 6 महीनों मे 35000 किलोग्राम हरी सब्जी , हरे मसाले या आलू- प्याज की आपूर्ति का वित्तीय वर्ष 2014-15 से **2020-21** के बीच किसी भी वर्ष मे कम से कम 06 महीनो का अनुभव हो ।

| क्र. सं. | विवरण | | विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **10.1** | अनुभव प्रमाण पत्र मे वर्णित संस्थान का नाम ,पता ,फोन नं. तथा ई-मेल | | | | | |
| **10.2** | संस्था का प्रकार: - सरकारी/ अर्ध-सरकारी/ पीएसयू / गैर सरकारी औधोगिक संस्थान / फर्म/ दुकान | | | | | |
| **10.3** | कार्य की अवधि | कब से | | | | |
| | | कब तक | | | | |
| **10.4** | कार्य आदेश तथा सफल कार्य पूर्ण करने का प्रमाण पत्र संस्थान के लेटर हेड पर संलग्न है \| (हॉ / नहीं) | | | | | |
| **10.5** | GST न. अथवा PAN नं. की छाया प्रतिलिपि | | | | | |
| **10.6** | यदि फर्म या दुकान है तो उस फर्म या दुकान का रजिस्ट्रेशन का छाया प्रतिलिपि | | | | | |
| **10.7** | निविदा फार्म के ड्राफ्ट/ रसीद का विवरण: **( निविदा फार्म का मूल्य 2000/- )** | | ड्राफ्ट/रसीद संख्या | दिनांक | बैंक का नाम | संलग्न है **(हॉ /नहीं)** |
| | | | | | | |

**नोट:-** (क) उपरोक्त दस्तावेज के छाया प्रतिलिपि को स्वयं सत्यापित (Self-Attested) कर इस निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें ।

(ख) केवल उन्ही निविदादाताओं का मूल्य भाग ( Price Bid) खोली जाएगी जिन निविदादाताओं का निविदा प्रपत्र तकनीकी (Technical) रूप से सही पाया जाएगा ।

**घोषणा:-**

मैनें निविदा प्रपत्र एवं सम्बन्धित पत्रावली की सभी शर्तो/अनुबन्ध एवं भुगतान विधि आदि का पूर्णतः अध्ययन कर लिया है तथा मैं सभी प्रकार से इनके पालन करने के लिये बचनबद्ध एवं सहमत हूं। यदि किसी समय किसी रूप में यह पाया जाये कि मै उनका अनुपालन नही कर रहा हूं तो प्रबंधिका द्वारा मेरे विपक्ष मे लिया गया निर्णय पूर्णतः मान्य होगा।

05/05/2020

वरि.प्रबंधक (कैंटीन सेवायें)
हस्ताक्षर एवं मोहर

वरि० प्रबन्धक
मा०स०कैंटीन सेवायें
बी०एच०ई०एल० हीप, हरिद्वार

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर

# टेण्डर फार्म (प्रथम भाग)

## Unpriced Bid

निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

दर का विवरण

| क्रमांक | मद | अनुमानित मात्रा एक वर्ष मे (किलोग्राम मे ) | दरें प्रति किलो (रुपये) GST सहित | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अंकों में | शब्दो में |
| 1. | आलू (मीठा न हो) | 53250.000 Kg | X | X |
| 2. | प्याज (अच्छी गुणवत्ता का) | 25800.000 Kg | X | X |

(क) आलू के दरों मे GST ---------- % है।

(ख) प्याज के दरों मे GST ---------- % है।

नोट:- आलू - प्याज की आपूर्ति प्रतिदिन मांग के अनुसार करनी होगी। दरें भरते समय यह सुनिश्चित कर लें कि दरों मे सभी प्रकार के करों, वाहन व्यय आदि का समावेश कर लिया गया है, दरों के अनुसार ही भुगतान किया जायेगा। अलग से किसी प्रकार का शुल्क/ कर इत्यादि भुगतान नहीं किया जायेगा। L1 की गणना आलू के कोटेड दरों तथा प्याज के कोटेड दरों को क्रमश: आलू तथा प्याज की अनुमानित मात्रा से गुणा करने से प्राप्त राशियों के योग से की जाएगी ।

05/05/2020

वरि.प्रबंधक (कैंटीन सेवायें)
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर

# टेण्डर फार्म (द्वितीय भाग)

## Price Bid

निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

### दर का विवरण

| क्रमांक | मद | अनुमानित मात्रा एक वर्ष मे (किलोग्राम मे ) | दरें प्रति किलो (रुपये) GST सहित | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अंकों में | शब्दो में |
| 1. | आलू (मीठा न हो) | 53250.000 Kg | | |
| 2. | प्याज (अच्छी गुणवत्ता का) | 25800.000 Kg | | |

(क) आलू के दरों मे GST ---------- % है।

(ख) प्याज के दरों मे GST ---------- % है।

**नोट:-** आलू - प्याज की आपूर्ति प्रतिदिन मांग के अनुसार करनी होगी। दरें भरते समय यह सुनिश्चित कर लें किं दरों मे सभी प्रकार के करों, वाहन व्यय आदि का समावेश कर लिया गया है, दरों के अनुसार ही भुगतान किया जायेगा। अलग से किसी प्रकार का शुल्क/ कर इत्यादि भुगतान नहीं किया जायेगा। L1 की गणना आलू के कोटेड दरों तथा प्याज के कोटेड दरों को क्रमश: आलू तथा प्याज की अनुमानित मात्रा से गुणा करने से प्राप्त राशियों के योग से की जाएगी ।

05/05/2020

वरि.प्रबंधक (कैंटीन सेवायें)
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर

# निविदा फार्म

# Tender Documents

# दिशा निर्देश

# INSTRUCTIONS

Note: After signing the instructions (General and Special) kindly attach with Technical Bid (Part-I) of the tender form and deposit along with Part-I.

## भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, हरिद्वार

**(भारत सरकार का उपक्रम)**

## Bharat Heavy Electricals Limited, Haridwar

(Govt. of India Undertaking)

05/05/2020

निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

## निविदा की सामान्य शर्तें एवं दिशा - निर्देश

1. निविदादाता द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
2. निर्धारित राशि का ड्राफ्ट या पे आर्डर अवश्य जमा करें व विवरण दें।
3. दर (rate) में कहीं काट-छोंट या ओवर राइटिंग न करें, यदि कोई अंक बदलना आवश्यक हो तो उसे काटकर दोबारा लिख दें और वहां अपने हस्ताक्षर कर दें।
4. आर्डर लगाने के लिए निविदा में भरे गये रेट की वैधता 4 माह होगी एवं कार्य आरम्भ होने की तिथि से रेट की वैधता एक वर्ष होगी।
5. कृपया निविदा वाले लिफाफे के ऊपर लिखें "आलू एवं प्याज की आपूर्ति, निविदा सं.: निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020" एवं आवश्यक संलग्नकों सहित मुहर बन्द लिफाफे को निविदा जमा करने की तिथि 27.5.2020 समय अपरान्ह 1.30 बजे तक, हीप के निविदा कक्ष में जमा करें।
6. अधूरी तथा अस्पष्ट सूचना वाले निविदा प्रपत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। जहॉ आप कोई सूचना न देना चाहें, उस कॉलम में "X" चिन्ह लगा दें।
7. निविदा फार्म का प्रत्येक कॉलम स्पष्ट है उसमें मॉगी गई सूचना के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें। यदि कोई जानकारी अपेक्षित है तो वरि. प्रबंधक (कैन्टीन) से कार्यालय समय में किसी भी दिन सम्पर्क करके जानकारी ले लें। अपनी ओर से अन्य शर्तें न लिखें और न ही किन्तु परन्तु (Ifs - Buts) शब्दों का प्रयोग करें।
8. सप्लायर को पूर्व आदेशानुसार आलू-प्याज प्रतिदिन प्रातः 09.30 बजे से 10.30 बजे के मध्य कैंटीन के मुख्य स्टोर में आपूर्ति करने होंगे।
9. उपरोक्त उल्लेखित मात्राऐं अल्प सूचना पर आवश्यकता एवं उपभोग के आधार पर घटाई या बढाई जा सकती है।
10. आपूर्तिकर्ता, संबन्धित अधिकारी द्वारा दी गयी मांग के अनुसार आलू-प्याज को निर्धारित मात्रा में और निर्धारित समय पर बीएचईएल ,कैंटीन के मुख्य स्टोर में अपने साधन/ वाहन से आपूर्ति करेगा।
11. आपूर्तिकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह सम्बन्धित अधिकारी के साथ लगातार संम्पर्क बनाये रखें और आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं की मात्रा का आदेश अग्रिम रूप से प्राप्त करें।
12. सफल निविदादाता से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह स्वीकृती पत्र/ आदेश की प्राप्ति के तत्काल बाद निविदा के अनुमानित मूल्य का 5% सुरक्षा राशि के रूप मे जमा करें, जिसमें निविदा के साथ जमा की गयी धरोहर राशि को सुरक्षा राशि मे सम्मलित कर ली जाएगी। सुरक्षा राशि आपूर्तिकर्ता को पूर्ण रूप मे केवल तब ही वापस की जायेगी जब वह कार्य/ ठेके के अंतर्गत आपूर्तियों को संतोषजनक रूप से पूरा कर लें और उसके विरूद्ध बकाया वसूल की जाने वाली राशियां यदि कोई हो, का समायोजन कर लिया जाये। बीएचईएल, इस जमा राशि पर किसी ब्याज का भुगतान करने की देनदार नहीं होगी। कार्य संतोषजनक पूर्ण होने पर सुरक्षा धनराशि वापस कर दी जाएगी।
13. आपूर्ति की जाने वाली आलू प्याज उत्तम गुणवत्ता वाली एवं स्वास्थ्यजनक दशाओं मे विधिवत समान मात्रा में पैक की गयी हो तथा खराब या क्षति ग्रस्त न हों। खराब या सडी गली आलू प्याज पाये जाने पर उसकी मात्रा, आपूर्ति की गयी मात्रा से काट ली जायेगी। इस तरह की घटना की पुनरावृति होने पर ठेकेदार के बिल से दंडात्मक स्वरूप प्रत्येक घटना के लिये रू. 500/- की राशि और काट ली जायेगी।

वरि. प्रबंधक (कैंटीन सेवाएं)
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

14. निविदादाता द्वारा आपूर्ति की गई आलू प्याज का, प्राप्ति के स्थान पर बीएचईएल के अधिकृत अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जायेगा और वे केवल तब ही स्वीकार की जायेंगी जब वह निरीक्षण के समय सही पायी जायें । यदि बीएचईएल चाहेगी तो आपूर्तिकर्ता अस्वीकृत मात्राओं के बदलने की तत्काल व्यवस्था करेगा । आपूर्तिकर्ता अस्वीकृत आलू प्याज को वापस लेगा तथा अस्वीकृत आलू प्याज को बीएचईएल परिसर से बिना विलम्ब किये हटवायेगा । ऐसा न होने पर आपूर्तिकर्ता द्वारा न हटायी गयी आलू प्याज के लिये भूमि किराये का दावा करने का बीएचईएल को अधिकार होगा । इस बारे में कोई सूचना (Notice) देने की अपेक्षा नही की जायेगी । डिलिवरी के समय आपूर्तिकर्ता अथवा उसका अधिकृत सक्षम प्रतिनिधि साथ मे होना चाहियें ।

15. आपूर्तिकर्ता, कैंटीन मुख्य भंडार मे आलू प्याज की डिलिवरी के लिये किसी परिवहन प्रभार या बारदाने के मूल्य का अधिकारी नही होगा तथा उसे अपनी अधिकृत प्रतिनिधि एवं वाहन इत्यादि के गेट पासों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी ।

16. प्लांट में आपूर्ति करने वाले कार्यकर्ताओं की सुरक्षा, पर्यावरण एवं आचरण की जिम्मेदारी पूर्णतः ठेकेदार की होगी । अनाधिकृत कार्य के लिये कैंटीन प्रशासन उत्तरदायी नही होगा । उपर्युक्त के उलंघन करने पर प्रति व्यक्ति 100/- प्रतिदिन का दंड लगाया जायेगा ।

17. सप्लाई में विलम्ब/दोषपूर्ण/कम या सप्लाई न करने या ठेके की अन्य किसी शर्त के पूरा न करने के मामले में प्रबन्ध मंडल अपूर्ण कार्य/ ठेके को पूरा या उसकी किसी मात्रा को निरस्त करने या अन्य स्रोतों से सप्लायर की जोखिम एवं कीमत पर सामग्री के प्रबन्ध करने का अधिकारी होगा। ठेके के असंतोषजनक निष्पादन या समाप्ति या निरस्त हो जाने की दशा में सप्लायर द्वारा जमा की गयी सुरक्षा राशि को पूरा या उसका कोई भाग प्रबन्ध मंडल के विवेकानुसार जब्त कर लिया जायेगा। कार्य/ ठेके के निर्वाह की अवधि में यदि कोई जोखिम खरीद के कारण वसूलियां सुरक्षा राशि मे से की जाती है तो आपूर्तिकर्ता को तुरंत पुनः सुरक्षा राशि की पूर्ति के लिये अपेक्षित धनराशि जमा करनी होगी ।

18. भुगतान:

आलू-प्याज की आपूर्ति का भुगतान निविदादाता/ ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत किये गये मासिक बिलो के आधार पर किया जायेगा ।बिलों के साथ इंडेंटो की प्रति, सम्बन्धित विभागो में कार्यालय प्रभारी/ प्रभारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित सप्लाई आर्डर तथा विभाग में सामग्री की प्राप्ति की रसीद लगी होनी चाहिये, जिसे सुरक्षा (Security) कर्मचारियों द्वारा मुहर एवं हस्ताक्षरों से प्रमाणित किया गया हो तथा मात्रा एवं गुणवत्ता डी.बी./ एस.आर.वी. पर सम्बन्धित पक्षों द्वारा प्रमाणित किया गया हो।

19. प्रबंधक मंडल निम्न अधिकार सुरक्षित रखता है:-

(क) उसी अवधि मे विभिन्न दरों पर एक समान आईटमों की दूसरे निविदादाता से आपूर्ति कराना/ खुले बाजार से खरीदना ।
(ख) सम्बन्धित स्वास्थ्य प्राधिकारियों से सामग्री का परीक्षण कराना ।
(ग) किसी भी समय निविदादाता/ ठेकेदार को पन्द्रह दिन का नोटिस देकर बिना कोई कारण बताये कार्य/ ठेका समाप्त करना ।

05/5/2020

वरि.प्रबंधक (कैंटीन सेवायें)
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

20. विवाद के सभी मामलों को बीएचईएल, हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक/ महा प्रबन्धक (मा.सं.) द्वारा नियुक्त मध्यस्थ व्यक्ति को मध्यस्थता के लिये भेजा जायेगा । मध्यस्थ व्यक्ति का निर्णय अंतिम होगा तथा दोनो पार्टियों के लिये बाध्यकारी होगा । मध्यस्थ व्यक्ति को यह अधिकार होगा कि वह पार्टियों की सहमति से अपना निर्णय देने के लिये समय की अवधि बढा सकता है । किसी भी विवाद की स्थिति मे अधिकार क्षेत्र न्यायालय हरिद्वार होगा ।

21. निविदा देते समय यह सुनिश्चित कर लें कि यह निविदा प्रपत्र सम्पूर्ण सैट निर्धारित तिथि व समय (दिनांक: 27.5.2020 दोपहर 1.30 बजे) तक जमा करना आवश्यक है । इसके उपरांत प्राप्त होने वाले निविदा प्रपत्र किसी भी दशा मे स्वीकार नही किये जायेगें ।

22. केवल वह निविदा प्रपत्र/ सम्पूर्ण सैट मान्य होगा जिस पर वरि. प्रबंधक (कैंटीन सेवाऐं) के हस्ताक्षर एवं मोहर लगी होगी । इस सैट मे से कोई भी कागज अलग न करें व पूरा सैट ही मूल रूप से भर कर जमा करें । इस सैट के अतिरिक्त कोरे कागज/फर्म/व्यक्ति के लैटर पैड आदि पर दी गयी दरे किसी भी दशा मे स्वीकार नही की जायेगी।

23. प्रबन्धिका किसी एक/सम्पूर्ण निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

24 केवल वही निविदादाता, निविदाओं में भाग ले सकते है जिनको बीएचईएल हरिद्वार अथवा किसी सरकारी/ अर्ध-सरकारी/ पीएसयू / गैर सरकारी औधोगिक संस्थान / फर्म/ दुकान मे औसतन 6 महिनो मे 35000 किलोग्राम हरी सब्जी , हरे मसाले या आलू- प्याज की आपूर्ति का वित्तीय वर्ष 2014-15 से **2020-21** के बीच किसी भी वर्ष मे कम से कम 06 महीनो का अनुभव हो ।

25. निविदादाता को इस प्रकार के कार्य करने के अनुभव प्रमाण-पत्र या कार्य आदेश की स्वयं सत्यापित (Self-Attested) फोटो प्रति संलग्न करनी होगी ।

26. बीएचईएल, हरिद्वार के पास कारण बताये बिना किसी या सभी कोटेशन को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है। बीएचईएल के पास निविदा मे दी गयी मात्राओं को बढाने या घटाने का अधिकार भी सुरक्षित है। निविदादाता को अतिरिक्त खर्च बिना, कम मात्रा के लिये आर्डर स्वीकार करने के लिये तैयार रहना चाहिये। निविदादाता को मात्रा मे बढोत्तरी के मामले में मात्रा पर छूट देने के लिये भी तैयार रहना चाहिये।

27. आलू-प्याज की आपूर्ति की मात्रा आवश्यकता एवं उपभोग के आधार पर घट या बढ सकती है।

05/05/2020

प्रदीप कुमार
वरि० प्रबन्धक
कैंटीन सेवाएँ
बीएचईएल, हरिद्वार

वरि.प्रबंधक (कैंटीन सेवायें)
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर

**Annexurer-1**



निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

**Certificate by Chartered Accountant on letter head**
**(Only for those who are submitting EM-II Certificate)**

This is to Certify that M/S ..........................................................................................., (hereinafter referred to as 'company') having its registered office at ............................................................ is registered under MSMED Act 2006, (Entrepreneur Memorandum No (Part-11) ........................................................................... dtd:......................., Category:........................ (Micro/ Small)). (Copy enclosed).

Further verified from the Books of Accounts that the investment of the company as per the latest audited financial year ...................... as per MSMED Act 2006 is as follows:

1. **For Manufacturing Enterprises:** Investment in plant and machinery (i.e. original cost **excluding land and building and the items specified by the Ministry of Small Scale Industries vide its** notification No.S.0.1722(E) dated October 5, 2006 :
   Rs............................Lacs
2. **For Service Enterprises:** Investment in equipment (original cost excluding land and building and **furniture, fittings and other items not directly related to the service rendered or as may be notified under the MSMED** Act, 2006:
   Rs............................Lacs

**(Strike off whichever is not applicable)**

The above investment of Rs..........................Lacs is within permissible limit of Rs............................Lacs for .........................................Micro / Small (Strike off which is not applicable) Category under MSMED Act 2006.

Or

The company has been graduated from its original category {Micro/ Small) (Strike off which is not applicable) and the date of graduation of such enterprise from its original category is ................... (dd/mm/yyyy) which is within the period of 3 years from the date of graduation of such enterprise from its original category as notified vide S.O.No.3322(E) dated 01.11.2013 published in the gazette notification dated 04.11.2013 by Ministry of MSME.

Date:
(Signature)
Name-
Membership number-
Seal of Chartered Accountant

05/05/2020

वरि.प्रबंधक (कैंटीन सेवायें)
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

**Note:- MSE suppliers can avail the intended benefits only if they submit along with the offer, attested copies of either EM it certificate having deemed validity (Five years from the date of issue of acknowledgement in EM II) or valid NSIC certificate or EM II certificate along with attested copy of a CA certificate (format enclosed at annexure-I Where deemed validity of EM II certificate of five years has expired) applicable for the relevant financial year (latest audited). Date to be reckoned for determining the deemed validity will be the date of bid opening (Part I in case of two part bid) Non submission Of such documents will lead to consideration of their bid at par with other bidders. No benefits shall be applicable for the enquiry if any deficiency in the above required documents is found or the requisite documents are not submitted before price bid opening. If the tender is to be submitted through e-procurement portal, then the above require document are to be uploaded on portal. Documents should be notarized or attested to Gazette Officer.**

05/05/2020

वरि.प्रबंधक (कैंटीन सेवायें)
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदा प्रपत्र सं. बीएचईएल/हीप/एचआरएक्स/सी.टी.एक्स/निविदा/ आलू प्याज /2020-21 दिनांक: 05.5.2020

# Check List for Tenderer

| S. No. | Details of Criteria | Yes/No | Please fill the Detail / Remarks / Reference of documents attached in support of each point |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Fees | | |
| 2 | EMD | | |
| 3 | Ink Signed & stamped on each page of Techno-commercial bid | | |
| 4 | Ink Signed & Stamped on each page of supporting Document | | |
| 5 | Ink Signed & Stamped on both sides of Techno-commercial Bid and Supporting documents if print / photocopy has been taken on both sides of the paper | | |
| 6 | Price Bid (Part-II) kept in a separate envelope | | |
| 7 | MSME Documents (if applicable) notarized or attested by a Gazetted officer | | |
| 8 | Valid Competency Certificate as per PQR enclosed | | |
| 9. | Self attested photo copy of GST no. or PAN no. | | |

## घोषणा

मैंने/ हमने निविदा प्रपत्र एवं सम्बद्ध पत्रावली की सभी शर्तें/ अनुबन्ध एवं भुगतान आदि का विधिवत अध्ययन कर लिया है तथा मैं/ हम सभी प्रकार से इनके पालन करने के लिए बचनवद्ध एवं सहमत हूं/हैं । यदि किसी समय किसी रुप में यह पाया जाए कि मैं/ हम इनको अनुपालन नहीं कर रहा हूं/ रहे हैं तो प्रबन्धिका द्वारा मेरे/ हमारे विपक्ष लिया गया निणर्य मुझे/ हमें पूर्णत: मान्य होगा ।

वरि.प्रबंधक (कैंटीन सेवाएं)
हस्ताक्षर एवं मोहर

निविदादाता
हस्ताक्षर एवं मोहर